## सल्तनतकाल
## (गुलाम वंश, खिलजी वंश, तुगलक वंश, सैय्यद वंश, लोदी वंश)

1. निम्नलिखित में से वह दिल्ली का सुल्तान कौन था, जिसकी मृत्यु चौगान (पोलो) खेलते हुए थी ?
(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक (ब) अलाउद्दीन खिलजी
(स) फिरोजशाह तुगलक (द) गयासुद्दीन तुगलक
उत्तर : (अ) SSC 2002, RAS/RTS 2003
व्याख्या– कुतुबुद्दीन ऐबक की मृत्यु 1210 ई. में चौगान खेलते समय घोड़े से गिरकर हुई थी। इसे लाहौर में दफनाया गया। कुतुबुद्दीन ऐबक मुहम्मद गौरी का गुलाम था जिसने 1206 ई. में गुलाम वंश की स्थापना की। कुतुबुद्दीन ऐबक ने अपना राज्याभिषेक 24 जून, 1206 ई. को किया था और अपनी राधानी लाहौर में बनायी थी। दिल्ली में स्थित 'कुवत–उल–इस्लाम मस्जिद' एवं अजमेर में 'ढाई दिन का झोपड़ा' नामक मस्जिद का निर्माण ऐबक ने करवाया था। कुतुबुद्दीन ऐबक को लाख बख्श (लाखों का दान देने वाला) भी कहा जाता था। कुतुबुद्दीन ऐबक का उत्तराधिकारी आरामशाह हुआ जिसने आठ महीनों तक शासन किया।
2. कुव्वत–उल–इस्लाम मस्जिद का निर्माण किसके द्वारा किया गया था ?
(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक (ब) अलाउद्दीन खिलजी
(स) इल्तुतमिश (द) मोहम्मद आदिलशाह
उत्तर : (अ) SSC 2002
व्याख्या– 'कुव्वत–उल–इस्लाम' मस्जिद का निर्माण गुलाम वंश के शासक कुतुबुद्दीन ऐबक ने करवाया था। यह मस्जिद दिल्ली में कुतुबमीनार के नजदीक ही स्थित है। पृथ्वीराज चौहान की पराजय के बाद ऐबक ने इस मस्जिद का निर्माण करवाया था। इस मस्जिद की सर्वोत्कृष्ट विशेषता उसका 'मकसूरा' एवं इसके साथ जुड़ा 'किबला लिवान' है। स्थापत्य कला की दृष्टि से यह पहला ऐसा उदाहरण है जिसमें स्पष्ट हिन्दू प्रभाव परिलक्षित होता है।
3. निम्नलिखित में से किस खिलजी शासक ने दिल्ली के राजसिंहासन पर बैठने के लिए अपने ससुर की हत्या कर दी थी ?
(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक (ब) जलालुद्दीन खिलजी
(स) गयासुद्दीन खिलजी (द) अलाउद्दीन खिलजी
उत्तर : (द) SSC 2002
व्याख्या– गुलाम वंश के शासन को समाप्त कर 13 जून, 1290 ई. को जलालुद्दीन खिलजी ने खिलजी वंश की स्थापना की। इसने किलोखरी को अपनी राजधानी बनाया। जलालुद्दीन खिलजी की हत्या 1296 ई. में उसके भतीजा व दामाद अलाउद्दीन खिलजी ने कड़ामाानिकपुर (प्रयाग) में कर दी तथा 22 अक्टूबर, 1296 ई. में दिल्ली का सुल्तान बना।
4. रजिया सुल्तान किसकी बेटी थी ?
(अ) इल्तुतमिश की (ब) कुतुबुद्दीन ऐबक की
(स) नासिरुद्दीन की (द) बलबन की
उत्तर : (अ) SSC 2002, RRB 2003
5. किसने इक्तादारी प्रथा चलाई ?
(अ) फिरोज तुगलक (ब) मुहम्मद बिन तुगलक
(स) इल्तुतमिश (द) गयासुद्दीन बलबन
उत्तर : (स) RRB 2005
6. 'लाखबख्श' के नाम से जाना जाने वाला भारतीय शासक कौन था ?
(अ) बाबर (ब) अकबर
(स) कुतुबुद्दीन ऐबक (द) इल्तुतमिश
उत्तर : (स) RRB 2004
7. भारत में गुलाम वंश का संस्थापक कौन था ?
(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक (ब) इल्तुतमिश
(स) कैकूबाद (द) आरामशाह
उत्तर : (अ) RRB 2004
8. कुतुबमीनार के कार्य को किसने पूरा किया ?
(अ) रजिया (ब) कुतुबुद्दीन ऐबक
(स) इल्तुतमिश (द) बलबन
उत्तर : (स) RRB 2005
9. निम्न में से कौन–सा कथन बलबन के संबंध में असत्य है ?
(अ) उसने 'चालीसा दल' (चहलगानी) से संबंधित सामंतों का दमन किया
(ब) कानून एवं व्यवस्था की बहाली के लिए उसने 'लौह एवं रक्त' की नीति अपनाई
(स) उसने केन्द्रीय सैन्य विभाग 'दीवान–ए–अर्ज' की स्थापना की
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (द) CDS 1999
10. उत्तरी भारत की प्रथम मुस्लिम महिला शासक अथवा दिल्ली पर राज करने वाली प्रथम महिला शासक थी–
(अ) रजिया सुल्तान (ब) मुमताज
(स) नूरजहाँ (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) SSC 1999
11. निम्नलिखित में से कौन–सा शासक दास/गुलाम राजवंश से संबंधित है ?
(अ) इल्तुतमिश (ब) हुमायूं
(स) अकबर (द) शाहजहाँ
उत्तर : (अ) RRB 2003

12. गुलाम वंश के आरंभिक शासकों का निम्न में से कौन–सा सही अनुक्रम है ?
1. कुतुबुद्दीन ऐबक
2. इल्तुतमिश
3. रजिया सुल्तान
4. आरामशाह
(अ) 1, 2, 3, 4 (ब) 1, 4, 2, 3
(स) 1, 3, 2, 4 (द) 4, 3, 2, 1
उत्तर : (ब) CDS 2001

13. अपनी शक्ति को समेकित करने के बाद बलबन ने भव्य उपाधि धारण की ?
(अ) तूती–ए–हिन्द (ब) कैसर–ए–हिन्द
(स) जिल्ल–ए–इलाही (द) दीन–ए–इलाही
उत्तर : (स) UPPCS 1997

14. निम्नलिखित में से किसने भारत का सबसे पुराना मकबरा–नासिरुद्दीन महमूद का मकबरा, सुल्तानगढ़ी/दिल्ली का निर्माण करवाया और 'मकबरा निर्माण शैली का जन्मदाता' होने का गौरव पाया ?
(अ) बलबन (ब) कुतुबुद्दीन ऐबक
(स) इल्तुतमिश (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

15. इल्तुतमिश द्वारा बनवाया गया अतारकीन का दरवाजा, जो कि अकबर के बुलंद दरवाजा का प्रेरणा–स्रोत बना, स्थित है–
(अ) दिल्ली में (ब) अजमेर में
(स) लाहौर में (द) नागौर में
उत्तर : (द)

16. किसने चालीस तुर्की सरदारों को लेकर 'तुर्कान–ए–चिहलगानी' या 'चालीसा दल' का गठन किया ?
(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक (ब) इल्तुतमिश
(स) बलबन (द) रजिया सुल्तान
उत्तर : (ब)

17. निम्नलिखित में से कौन राजदरबार में बलबन का सर्वप्रमुख प्रतिद्वन्द्वी था ?
(अ) इमामुद्दीन रेहान (ब) किश्लु खाँ
(स) जफर खाँ (द) इल्तुतमिश
उत्तर : (अ)

18. किसके राज्यकाल में लखनौती (बंगाल की राजधानी) में तुगरिल खाँ का विद्रोह और दमन हुआ ?
(अ) इल्तुतमिश (ब) बलबन
(स) अलाउद्दीन खिलजी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

19. बलबन ने वित्त विभाग (दीवान–ए–विजारत) से अलग कर एक पृथक संस्था के रूप में सैन्य विभाग दीवान–ए–आरिज/अर्ज की स्थापना की, जिसका उद्देश्य था–
(अ) आंतरिक विद्रोहों का दमन करना
(ब) मंगोल आक्रमणों को रोकना
(स) (अ) और (ब) दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

20. किसने राजदरबार में 'सिजदा' (घुटनों के बल बैठकर शीश नवाना) एवं 'पाबोस' (पैर चूमना) की परिपाटी चलाई ?
(अ) इल्तुतमिश (ब) बलबन
(स) अलाउद्दीन खिलजी (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (ब)

21. बलबन ने अपने को कुलीन साबित करने के लिए 'शाहनामा' में वर्णित किस प्रसिद्ध तुर्की योद्धा का वंशज होने का दावा किया ?
(अ) अफरसियाब (ब) अमीर हम्जा
(स) तैमूर (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

22. 'वह अत्यंत गंभीर मुद्रा में दरबार में बैठता था। दरबार में वह ने तो खुद हँसता था और न ही किसी को हँसी–मजाक या फालतू बात करने की इजाजत देता था' यह उक्ति किससे संबंधित है ?
(अ) इल्तुतमिश (ब) बलबन
(स) अलाउद्दीन खिलजी (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (ब)

23. निम्नलिखित में से किसने चहलगानी/चालीसा दल का पूर्णतः सफाया कर दिया ?
(अ) बलबन (ब) इल्तुतमिश
(स) रजिया सुल्तान (द) अलाउद्दीन खिलजी
उत्तर : (अ)

24. चंगेज खाँ के अधीन मंगोलों ने किसके शासनकाल में भारत पर आक्रमण किया ?
(अ) बलबन (ब) फिरोज तुगलक
(स) इल्तुतमिश (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (स) UPPCS 2001, NDA 2006

25. निम्नलिखित में से किसे बगदाद के खलीफा ने 'मन्शूर' (स्वीकृति पत्र/मानाभिषेक पत्र) प्रदान किया ?
(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक (ब) इल्तुतमिश
(स) रजिया सुल्तान (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com

26. दिल्ली सल्तनत का पहला सुल्तान कौन था जिसने दोआब के आर्थिक महत्व को समझा ?
(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक (ब) इल्तुतमिश
(स) अलाउद्दीन खिलजी (द) मुहम्मद बिन तुलगक
उत्तर : (ब)

27. अनुकूल परिस्थितियाँ मौजूद होने के बावजूद गुलाम वंश के शासक भारत में अपने साम्राज्य का विस्तार नहीं कर पाये, इसका मुख्य कारण क्या था ?
(अ) आरंभ में उनकी सैन्य शक्ति कमजोर थी
(ब) मंगोल आक्रमण का भय था
(स) भारत में उनकी संख्या नगण्य थी
(द) वे साम्राज्य का विस्तार करना नहीं चाहते थे
उत्तर : (ब)

28. दिल्ली के सुल्तान बलबन का पूरा नाम.................. बलबन था।
(अ) जलालुद्दीन (ब) इल्तुतमिश
(स) गयासुद्दीन (द) कुतुबुद्दीन
उत्तर : (स)

29. किसके शासनकाल में सबसे अधिक मंगोल आक्रमण हुए ?
(अ) बलबन
(ब) अलाउद्दीन खिलजी
(स) मुहम्मद बिन तुगलक
(द) फिरोज तुगलक
उत्तर : (ब) SSC 2001

30. दिल्ली के प्रथम सुल्तान कौन थे जिन्होंने दक्षिणी भारत को पराजित करने का प्रयास किया ?
(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक
(ब) नासिरुद्दीन खुसरो शाह
(स) अलाउद्दीन खिलजी
(द) जलालुद्दीन फिरोज
उत्तर : (स) SSC 1999

31. भारतीय इतिहास में बाजार नियमों/मूल्य नियंत्रण पद्धति की शुरूआत किसने की थी ?
(अ) शेरशाह सूरी (ब) मुहम्मद बिन तुगलक
(स) फिरोज तुगलक (द) अलाउद्दीन खिलजी
उत्तर : (द) RRB 2004

32. राज्य संबंधों में उलेमा के दखल का विरोध किस सुल्तान ने किया था ?
(अ) बलबन ने
(ब) अलाउद्दीन खिलजी ने
(स) फिरोज शाह तुगलक ने
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब) RRB 2004

33. 'एक अस्पा' (एक घोड़े वाला सैनिक) एवं 'दो अस्पा' (दो घोड़े वाले सैनिक) प्रथा का प्रारम्भ किया ?
(अ) अलाउद्दीन खिलजी (ब) जहाँगीर
(स) शाहजहाँ (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

34. 'सराय–ए–अदल' किसका बाजार था ?
(अ) गल्ला का
(ब) वस्त्र एवं अन्य वस्तुओं का बाजार
(स) दासों, घोड़ों एवं मवेशियों का बाजार
(द) छोटी–छोटी वस्तुओं का बाजार
उत्तर : (ब)

35. अलाई दरवाजा का निर्माण किस सुल्तान ने करवाया ?
(अ) इल्तुतमिश (ब) बलबन
(स) अलाउद्दीन खिलजी (द) फिरोज तुगलक
उत्तर : (स) BPSC 1998

36. किस सुल्तान के काल में खालसा भूमि अधिक पैमाने पर विकसित हुई ?
(अ) गयासुद्दीन बलबन
(ब) अलाउद्दीन खिलजी
(स) मुहम्मद बिन तुगलक
(द) फिरोजशाह तुगलक
उत्तर : (ब) BPSC 1994

37. अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के समय देवगिरि का शासक कौन था ?
(अ) रामचन्द्र देव (ब) प्रताप रुद्रदेव
(स) मलिक काफूर (द) राणा रतन सिंह
उत्तर : (अ) BPSC 2010

38. "जब उसने राजस्व प्राप्त किया तो वह शरीयत के नियमों और आदेशों से पूर्णतया स्वतंत्र था" बरनी ने यह कथन किस सुल्तान के लिए कहा ?
(अ) इल्तुतमिश (ब) बलबन
(स) अलाउद्दीन खिलजी (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (स) BPSC 2004

39. किसने अपने आप को 'खलीफा' घोषित किया था ?
(अ) इल्तुतमिश (ब) अलाउद्दीन खिलजी
(स) महमूद गजनवी (द) मुबारकशाह खिलजी
उत्तर : (द) RRB 2004

40. अलाउद्दीन खिलजी के निम्न सेनाध्याक्षों में से कौनसा तुगलक वंश का प्रथम सुल्तान बना ?
(अ) गाजी मलिक (ब) मलिक काफूर
(स) जफर खाँ (द) उजबेग खाँ
उत्तर : (अ) UPPCS 1999

www.rajstudents.com

41. अलाउद्दीन खिलजी के प्रसिद्ध सेनापतियों में किसकी मंगोलों के विरुद्ध लड़ते हुए मृत्यु हुई ?
(अ) जफर खाँ (ब) नुसरत खाँ
(स) अल्प खाँ (द) उलूग खाँ
उत्तर : (अ) BPSC 1996

42. कौन–सा सुल्तान नया धर्म चलाना चाहता था किन्तु उलेमाओं ने विरोध किया ?
(अ) बलबन
(ब) अलाउद्दीन खिलजी
(स) मुहम्मद बिन तुगलक
(द) इल्तुतमिश
उत्तर : (ब)

43. अलाउद्दीन खिलजी के समय में मलिक काफूर के नेतृव में दक्षिण अभियान किया गया। इस अभियान में पराजित राज्यों का क्रम था–
(अ) देवगिरि, वारांगल, होयसल, मदुरा
(ब) वारांगल, देवगिरि, होयसल, मदुरा
(स) होयसल, वारांगल, देवगिरि, मदुरा
(द) मदुरा, देवगिरि, वारांगल, होयसल
उत्तर : (अ)

44. अलाउद्दीन खिलजी ने कहाँ के शासक को 6 महीने तक राजधानी दिल्ली में रखा, उसे 'राय रायान' (राजाओं का राजा) की उपाधि दी तथा गुजरात का नवसारी जिला उसके राज्य में शामिल करवा दिये ?
(अ) देवगिरि के शासक रामचन्द्र को
(ब) वारांगल के शासक प्रताप रुद्रदेव को
(स) द्वारसमुद्र के शासक वीर बल्लाल को
(द) मदुरा के शासक वीर पाण्डेय को
उत्तर : (अ)

45. दक्षिणी अभियान के क्रम में किसने मलिक काफूर को विश्व प्रसिद्ध कोहिनूर हीरा प्रदान किया, मलिक काफूर ने यह हीरा सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी को भेंट कर दिया ?
(अ) रामचन्द्र (ब) प्रताप रुद्रदेव
(स) वीर बल्लाल (द) वीर पाण्डे
उत्तर : (ब)

46. किसने कहा था–''मैं ऐसे आदेश देता हूँ जो राज्य के लिए हितकर है। मैं यह नहीं जानता कि शरीयत में इसकी इजाजत है या नहीं'' ?
(अ) अलाउद्दीन खिलजी (ब) मुहम्मद बिन तुगलक
(स) बलबन (द) इल्तुतमिश
उत्तर : (अ)

47. अलाउद्दीन खिलजी ने किसके कहने पर सिकंदर महान् के समान विश्व विजय की योजना को त्याग दिया ?
(अ) अलाउल–मुल्क (ब) अमीर खुसरो
(स) काजी मुगीसुद्दीन (द) फखरुद्दीन
उत्तर : (अ)

48. किसने चार अध्यादेश 'जब्ती, गुप्तचर प्रणाली का गठन, दिल्ली में मद्य निषेध एवं अमीरों के मेल–मिलाप पर पाबंदी जारी किए ?
(अ) बलबन (ब) अलाउद्दीन खिलजी
(स) इल्तुतमिश (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (ब)

49. किस सुल्तान ने एक नया मंत्रालय 'दीवार–ए–रियासत' (वाणिज्य मंत्रालय) की स्थापना की ?
(अ) अलाउद्दीन खिलजी (ब) मुहम्मद बिन तुगलक
(स) गयासुद्दीन तुगलक (द) फिरोज तुगलक
उत्तर : (अ)

50. किसने सैन्य शासन के क्षेत्र में 'दाग' (घोड़ी पर दाग अर्थात चिन्ह लगाना) एवं 'हुलिया' (सैनिक के पहचान चिन्ह) का प्रचलन किया ?
(अ) बलबन (ब) अलाउद्दीन खिलजी
(स) इल्तुतमिश (द) सिकंदर लोदी
उत्तर : (ब)

51. किस सुल्तान ने सैनिकों को भू–अनुदान के स्थान पर नकद वेतन देने की प्रथा चलाई ?
(अ) अलाउद्दीन खिलजी (ब) बलबन
(स) इल्तुतमिश (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (अ)

52. निम्नलिखित में किसने कैलूगढ़ी (किलोखरी) के राजमहल में अपना राज्याभिषेक किया और उसे अपनी राजधानी बनायी ?
(अ) बलबन
(ब) जलालुद्दीन फिरोज खिलजी
(स) अलाउद्दीन खिलजी
(द) फिरोजशाह तुगलक
उत्तर : (ब)

53. दक्षिण पर प्रथम मुस्लिम आक्रमण–देवगिरि के यादव शासक रामचन्द्र पर किया आक्रमण, किसके समय में हुआ ?
(अ) जलाजुद्दीन फिरोज खिलजी
(ब) अलाउद्दीन खिलजी
(स) मुहम्मद बिन तुगलक
(द) इल्तुतमिश
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

54. राजकीय व्यय से संबंधित 'दीवान–ए–वकूफ' नामक विभाग सृजित करने का श्रेय दिल्ली के किस सुल्तान को है ?
(अ) अलाउद्दीन खिलजी
(ब) जलालुद्दीन फिरोज खिलजी
(स) मुहम्मद बिन तुगलक
(द) इल्तुतमिश
उत्तर : (ब)

55. अलाउद्दीन खिलजी का मूल नाम था–
(अ) अबू रैहान (ब) इमामुद्दीन रैहान
(स) अली गुरशास्प (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

56. अलाउद्दीन खिलजी के सेनापतियों के नेतृत्व में गुजरात विजय अभियान के क्रम में खम्भात से किसे खरीदा गया जिसने बाद में दक्षिण भारत की विजय का नेतृत्व किया ?
(अ) मलिक काफूर (ब) मलिक खान
(स) उलुग खाँ (द) नसरत शाह
उत्तर : (अ)

57. मलिक काफूर को 'हजार दीनारी' कहा गया क्योंकि–
(अ) उसे 1000 दीनार में खरीदा गया
(ब) वह 1000 सैनिकों को प्रधान था
(स) उसके पास 1000 गाँवों का स्वामित्व प्राप्त था
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

58. दिल्ली स्थित सीरी किला, हजार सतून राजमहल (हजार खम्भों वाला राजमहल) के निर्माण का श्रेय किसे जाता है ?
(अ) बलबन
(ब) जलालुद्दीन फिरोज खिलजी
(स) अलाउद्दीन खिलजी
(द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (स)

59. कथन (A) : अलाउद्दीन के दक्षिणी अभियान धन प्राप्ति के अभियान थे।
कारण (R) : वह दक्षिणी राज्यों को कब्जे में करना चाहता था।
(अ) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है
(ब) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(स) A सही है किन्तु R गलत है
(द) A गलत है किन्तु R सही है
उत्तर : (स) UPPCS 2007

60. प्रसिद्ध कवि अमीर खुसरो दरबार में रहे–
(अ) अलाउद्दीन खिलजी के
(ब) इल्तुतमिश के
(स) मुहम्मद बिन तुगलक के
(द) कुतुबुद्दीन ऐबक के
उत्तर : (अ) UPPCS 1996

61. नयी फारसी काव्य शैली 'सबक–ए–हिन्दी' अथवा 'हिन्दुस्तानी' शैली के जन्मदाता थे–
(अ) जियाउद्दीन बरनी (ब) अफीक
(स) इसामी (द) अमीर खुसरो
उत्तर : (द) RAS/RTS 2000

62. निम्नलिखित में किसने 'सिकन्दर–ए–सानी' (द्वितीय सिकंदर) की उपाधि धारण की ?
(अ) इल्तुतमिश (ब) बलबन
(स) अलाउद्दीन खिलजी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

63. सन् 1329–1330 ई. के बीच किसने ताँबे के सिक्के के रूप में प्रमाणस्वरूप मुद्रा सांकेतिक मुद्रा प्रचलित की ?
(अ) अलाउद्दीन खिलजी
(ब) गयासुद्दीन तुगलक
(स) मुहम्मद बिन तुगलक
(द) फिरोज तुगलक
उत्तर : (स) SSC 2001

64. दिल्ली के किस सुल्तान को इतिहासकारों ने विरोधों का मिश्रण बताया है ?
(अ) बलबन
(ब) अलाउद्दीन खिलजी
(स) मुहम्मद बिन तुगलक
(द) इब्राहिम लोदी
उत्तर : (स) SSC 2001

65. इब्नबतूता किसके शासनकाल में भारत आया था ?
(अ) हुमायूं
(ब) अकबर
(स) मुहम्मद बिन तुगलक
(द) अलाउद्दीन खिलजी
उत्तर : (स) RRB 2005

66. निम्नलिखित में से किसने ढ़ोल की तेज आवाज के साथ एक महिला का अपने पति की चिता के साथ स्वयं को जला लेने के दृश्यों का भयानक चित्रण किया है ?
(अ) इब्नबतूता (ब) अलबरुनी
(स) बदायूंनी (द) अमीर खुसरो
उत्तर : (अ) RRB 2006

www.rajstudents.com

67. यात्री इब्नबतूता कहाँ से आया था ?
(अ) मोरक्को (ब) फारस
(स) तुर्की (द) मध्य एशिया
उत्तर : (अ) SSC 2002, RRB 2005

68. निम्नांकित में से दिल्ली का पहला तुगलक सुल्तान कौन था ?
(अ) गयासुद्दीन तुगलक
(ब) मलिक तुगलक
(स) मुहम्मद बिन तुगलक
(द) फिरोज तुगलक
उत्तर : (अ) RRB 2005

69. कुतुबुद्दीन ऐबक की राजधानी थी–
(अ) लाहौर (ब) दिल्ली
(स) अजमेर (द) लखनौती
उत्तर : (अ) BPSC 1996

70. किसने 'रस्म–ए–मियान' (बीच का रास्ता) व 'तरीक–ए–एल्दाल' (सुल्तान तरीका) नाम से राजस्व सुधार की व्यावहारिक नीति अपनाई ?
(अ) गयासुद्दीन तुगलक (ब) मुहम्मद बिन तुगलक
(स) अलाउद्दीन खिलजी (द) फिरोज तुगलक
उत्तर : (अ)

71. कौन–से सुल्तान की मृत्यु तुगलकाबाद में लकड़ी से बने स्वागत भवन के गिरने से हुई ?
(अ) अलाउद्दीन खिलजी (ब) गयासुद्दीन तुगलक
(स) फिरोज तुगलक (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (ब)

72. नहर निर्माण कराने वाला दिल्ली का प्रथम सुल्तान था–
(अ) गयासुद्दीन तुगलक (ब) फिरोज तुगलक
(स) बलबन (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (अ)

73. किसने शासक बनने के उपलक्ष्य में अपना उपनाम 'अबुल मुजाहिद' रखा ?
(अ) गयायुद्दीन तुगलक (ब) फिरोज तुगलक
(स) इल्तुतमिश (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (द)

74. "मेरा सारा राज्य बीमार पड़ गया है। यदि मैं एक स्थान पर व्यवस्था स्थापित करता हूँ तो दूसरे स्थान पर गड़बड़ी उत्पन्न हो जाती है। यदि मैं दूसरे स्थान पर ठीक करता हूँ तो तीसरे स्थान पर हलचल होने लगती है" यह उक्ति किसकी है ?
(अ) अलाउद्दीन खिलजी (ब) गयासुद्दीन तुगलक
(स) फिरोज तुगलक (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (ब)

75. किसके राज्यकाल में अमीरों का विद्रोह हुआ, जिसकी चरम परिणति 1347 ई. में बहमनी राज्य की स्थापना हुई ?
(अ) गयासुद्दीन तुगलक (ब) मुहम्मद बिन तुगलक
(स) फिरोज तुगलक (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

76. मुहम्मद बिन तुगलक की मृत्यु कहाँ हुई ?
(अ) थट्टा में (ब) दिल्ली में
(स) दौलताबाद में (द) लाहौर में
उत्तर : (अ)

77. राजशेखर एवं जिनप्रभा सूरि जैसे जैन विद्वानों को किस सुल्तान ने राजकीय संरक्षण दिया ?
(अ) गयासुद्दीन तुगलक (ब) फिरोज तुगलक
(स) फिरोज तुगलक (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (द)

78. किस सुल्तान ने चौबीस कष्टदायक करों के स्थान पर केवल चार कर लगाए ?
(अ) गयासुद्दीन तुगलक (ब) मुहम्मद बिन तुगलक
(स) फिरोजशाह तुगलक (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

79. निम्नलिखित में से किसने सेना को नकद वेतन देने की व्यवस्था समाप्त कर 'वजेह' (भूमिकर वसूलने का अधिकार) या 'इतलाक' (धनादेश के लिए पत्र) के माध्यम से वेतन भुगतान का आदेश दिया ?
(अ) अलाउद्दीन खिलजी (ब) बलबन
(स) फिरोज तुगलक (द) गयासुद्दीन तुगलक
उत्तर : (स)

80. अपनी आत्मकथा 'फतूहात–ए–फिरोजशाही' लिखने वाले सुल्तान थे–
(अ) बलबन (ब) अलाउद्दीन खिलजी
(स) फिरोज तुगलक (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (स)

81. किस सुल्तान ने 'हक–ए–शर्ब' (सिंचाई कर) नामक एक नया कर लगाया ?
(अ) फिरोज तुगलक (ब) गयासुद्दीन तुगलक
(स) अलाउद्दीन खिलजी (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (अ)

82. फिरोज तुगलक द्वारा स्थापित 'दार–उल–शफा' क्या था ?
(अ) एक दानशाला
(ब) एक खैराती अस्पताल
(स) एक पुस्तकालय
(द) तीर्थयात्रियों के लिए एक अतिथिगृह
उत्तर : (ब) UPPCS 2013

83. सिक्कों पर 'खलीफा का नायब' खुदवाने वाला भारत का प्रथम सुल्तान था–
(अ) गयासुद्दीन तुगलक (ब) मुहम्मद बिन तुगलक
(स) फिरोजशाह तुगलक (द) बहलोल लोदी
उत्तर : (स)

84. 'सैय्यद–उस–सलातीन' की उपाधि किसने धारण की ?
(अ) इल्तुतमिश (ब) बलबन
(स) फिरोजशाह तुगलक (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (द)

85. निम्नलिखित में से किसे 'कुरानख्वा' (कुरान का पाठ करने वाला) भी कहा जाता था ?
(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक (ब) इल्तुतमिश
(स) फिरोजशाह तुगलक (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (अ)

86. किस सल्तनत कालीन शासक को मिनहाज ने 'हातिमताई द्वितीय' की संज्ञा दी ?
(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक (ब) बलबन
(स) इल्तुतमिश (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

87. ढाई दिन का झोंपड़ा मस्जिद, अजमेर का निर्माण किसने करवाया था ?
(अ) इल्तुतमिश (ब) कुतुबुद्दीन ऐबक
(स) बलबन (द) फिरोज तुगलक
उत्तर : (ब)

88. दिल्ली का सुल्तान, जो भारत में नहरों के सबसे बड़े जाल का निर्माण करने के लिए प्रसिद्ध है, वह था–
(अ) इल्तुतमिश (ब) गयासुद्दीन तुगलक
(स) फिरोजशाह तुगलक (द) सिकंदर लोदी
उत्तर : (स) UPPCS 1998

89. दिल्ली सल्तनत के तुगलक राजवंश का अंतिम शासक कौन था ?
(अ) फिरोजशाह तुगलक
(ब) गयासुद्दीन तुगलकशाह II
(स) नासिरुद्दीन महमूद
(द) नसरत शाह
उत्तर : (स) UPPCS 2004

90. निम्नलिखित में से किस सुल्तान के दरबार में सबसे अधिक गुलाम थे ?
(अ) बलबन
(ब) अलाउद्दीन खिलजी
(स) मुहम्मद बिन तुगलक
(द) फिरोज तुगलक
उत्तर : (द) BPSC 2002

91. सुल्तान बनने के पूर्व किसका नाम जौना खाँ था ?
(अ) गयासुद्दीन तुगलक (ब) फिरोज तुगलक
(स) बलबन (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (ब)

92. निम्नलिखित में से किस सुल्तान ने बेरोजगारों को रोजगार दिया ?
(अ) अलाउद्दीन खिलजी (ब) मुहम्मद बिन तुगलक
(स) फिरोज तुगलक (द) शेरशाह सूरी
उत्तर : (स) BPSC 2002

93. निम्नलिखित में से सुल्तान ने फलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए उपाय किए ?
(अ) मुहम्मद बिन तुगलक
(ब) फिरोज तुगलक
(स) सिकंदर लोदी
(द) शेरशाह सूरी
उत्तर : (ब) BPSC 2001

94. तैमूर लंग ने किसके शासनकाल में भारत पर आक्रमण किया ?
(अ) अलाउद्दीन खिलजी
(ब) बहलोल लोदी
(स) फिरोज तुगलक
(द) नासिरुद्दीन महमूद तुगलक
उत्तर : (द) UPPCS 2002

95. मध्यकालीन भारतीय राजाओं के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन–सा कथन सही है ?
(अ) अलाउद्दीन खिलजी ने एक अलग विभाग 'दीवान–ए–आरिज' स्थापित किया
(ब) बलबन ने अपनी सेना के घोड़ों को दागने की पद्धति शुरू की
(स) महम्मद–बिन–तुगलक के बाद दिल्ली की गद्दी पर उसके चाचा बैठे
(द) फिरोज तुगलक ने गुलामों का एक अलग विभाग 'दीवान–ए–बंदगान' स्थापित किया
उत्तर : (द) UPPSC 2002

96. कथन (A) : मुहम्मद बिन तुगलक दिल्ली छोड़ने के बाद दो वर्ष तक स्वर्गद्वारी।
कारण (R) : उस समय दिल्ली एक प्रकार के प्लेग से बर्बाद हो गयी थी और बहुत से लोग मर गए थे।
(अ) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है
(ब) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(स) A सही है किन्तु R गलत है
(द) A गलत है किन्तु R सही है
उत्तर : (अ) UPPCS 2002

www.rajstudents.com

97. 'अमीर कोही' (कृषि विभाग) नामक एक नया विभाग किस सुल्तान द्वारा शुरु किया गया था ?
(अ) अलाउद्दीन खिलजी
(ब) फिरोज तुगलक
(स) मुहम्मद बिन तुगलक
(द) सिकंदर लोदी
उत्तर : (स) JPSC 2003

98. दिल्ली के किस मुस्लिम शासक के निधन पर इतिहासकार बदायूँनी ने कहा कि–''राजा को अपनी प्रजा से तथा प्रजा को अपने राजा से मुक्ति मिली''?
(अ) बलबन (ब) मुहम्मद बिन तुगलक
(स) अलाउद्दीन खिलजी (द) शेरशाह
उत्तर : (ब) UPPCS 1997

99. दिल्ली का सुल्तान, जो दान–दक्षिणा के बारे में काफी ध्यान रखता था और इसके लिए एक विभाग 'दीवान–ए–खैरात' (दान विभाग) स्थापित किया, वह था–
(अ) इल्तुतमिश (ब) फिरोज तुगलक
(स) गयासुद्दीन शाह (द) बहलोल लोदी
उत्तर : (ब) RAS/RTS 2000

100. दिल्ली के निम्नलिखित सुल्तानों में से किसने तैमूरी शासक मिर्जा शाहरुख के अधिराज्य में आना स्वीकार किया ?
(अ) फिरोज तुगलक (ब) मुहम्मद तुगलक
(स) खिज्र खाँ सैयद (द) सिकंदर लोदी
उत्तर : (स) CDS 2004

101. तैमूर के आक्रमण के बाद भारत में किस वंश का राज स्थापित हुआ ?
(अ) लोदी वंश (ब) सैय्यद वंश
(स) तुगलक वंश (द) खिलजी वंश
उत्तर : (ब) BPSC 2002

102. निम्न में से कौन 'गुलरुखी' के उपनाम से कविताएँ लिखा करता था ?
(अ) इब्नबतूता
(ब) जियाउद्दीन बरनी
(स) शम्स–ए–सिराज अफीक
(द) सिकंदर लोदी
उत्तर : (द) NDA 2001

103. वह रोमन सम्राट् अगस्ट्स की भांति सावधान था कि वह दूसरों की तरह शक्तिशाली न लगे और वह दूसरों के स्तर से अधिक न लगे, यह संदर्भ किसका है ?
(अ) बाबर (ब) इब्राहिम लोदी
(स) बहलोल लोदी (द) जलालुद्दीन खिलजी
उत्तर : (स) RRB 2004

104. इब्राहिम लोदी के बारे में निम्न में से क्या सत्य नहीं है ?
(अ) क्रूर एवं निरंकुश शासक
(ब) अफगान अमीरों की खिलाफत
(स) महान निर्माता एवं कला पुजारी
(द) दौलत खाँ के काबुल के शासक बाबर को इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बुलाया
उत्तर : (स) AAO 2001

105. दिल्ली की राजगद्दी पर अफगान शासकों के शासन का निम्नलिखित में कौन–सा एक सही कालानुक्रम है ?
(अ) सिकंदरशाह–इब्राहिम लोदी–बहलोल लोदी
(ब) सिकंदरशाह–बहलोल लोदी–इब्राहिम लोदी
(स) बहलोल लोदी–सिकंदरशाह–इब्राहिम लोदी
(द) बहलोल लोदी–इब्राहिम लोदी–सिकंदरशाह
उत्तर : (स) UPPCS 2006

106. किसने भूमि मापने का पैमाना 'गज–ए–सिकन्दरी' का प्रचलन किया ?
(अ) सिकरंदर लोदी (ब) सिकंदरशाह सूर
(स) सिकंदर महान् (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

107. आगरा नगर की स्थापना किसके द्वारा की गई थी ?
(अ) फिरोज तुगलक (ब) मुहम्मद बिन तुगलक
(स) अलाउद्दीन खिलजी (द) सिकंदर लोदी
उत्तर : (द) SSC 2002, UPPCS 2011
व्याख्या– आगरा शहर को सिंकदर लोदी ने सन् 1504 ई. में बसाया था। आगरा 1526–1658 ई. तक मुगल साम्राज्य की राजधानी रहा। सिकंदर लोदी ने आगरा को अपनी नई राजधानी बनाया।

108. लोदी वंश का अंतिम शासक कौन था ?
(अ) बहलोल लोदी (ब) इब्राहिम लोदी
(स) दौलत खाँ (द) सिकंदर लोदी
उत्तर : (ब) SSC 2001

109. लोदी वंश का संस्थापक कौन था ?
(अ) इब्राहिम लोदी (ब) सिकंदर लोदी
(स) बहलोल लोदी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) RRB 2004

110. 13वीं सदी में सेना का सर्वोच्च अधिकारी होता था–
(अ) मलिक (ब) खान
(स) सरखेल (द) सिपहसालार
उत्तर : (ब) RRB 2004

111. दिल्ली सल्तनत की दरबारी भाषा थी–
(अ) उर्दू (ब) फारसी
(स) हिन्दी (द) अरबी
उत्तर : (ब) SSC 2002, RAS/RTS 1995

www.rajstudents.com

112. पंजाब के हिन्दूशाही राजवंश को किसने स्थापित किया ?
(अ) वसुमित्र (ब) कल्लर
(स) जयपाल (द) महिपाल
उत्तर : (ब) RRB 2005

113. हिन्दूशाही राज्य का कौन–सा शासक तुर्की से बार–बार पराजित होने के कारण ग्लानिवश आत्मदाह कर लिया ?
(अ) जयपाल (ब) आनंदपाल
(स) त्रिलोचन पाल (द) भीमपाल
उत्तर : (अ)

114. 'इनाम' भूमि किसे दिया जाता था ?
(अ) विद्वान और धार्मिक व्यक्ति
(ब) मनसबदार
(स) पैतृक राजस्व संग्राहक
(द) कुलीन
उत्तर : (अ) SSC 2000
व्याख्या– दिल्ली सल्तनत की दरबारी भाषा फारसी थी।

115. सूची–I (विजयनगर का भ्रमण करने वाले पुर्तगाली यात्री) को सूची–II (तत्कालीन शासक) से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. दुआर्ते पाएस पीज
B. डोमिगो पाएस पीज
C. फरनाओ नूनिज
D. सीजर फ्रेडरिक
सूची–II
1. कृष्णदेव राय
2. कृष्णदेव राय
3. चिनाव
4. व्यास
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(स) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(द) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
उत्तर : (अ)

116. अलबरूनी द्वारा रचित पुस्तक 'किबात–उल–हिन्द' या 'तारीख–उल–हिन्द' में किन विषयों की समीक्षा की गयी है ?
(अ) भारतीय गणित
(ब) भारतीय इतिहास, भूगोल
(स) खगोल विज्ञान, दर्षन
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

117. हिन्दूशाही राज्य की राजधानी थी–
(अ) उद्भाण्डपुर/ओहिन्द/वैहिन्द
(ब) कालिंजर
(स) अजमेर
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

118. अलबरूनी किसके शासनकाल में इतिहासकार था ?
(अ) महमूद गजनवी (ब) बलबन
(स) अकबर (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (अ) RRB 2004

119. अलबरूनी का पूरा नाम था–
(अ) अबू रेहान मुहम्मद (ब) अबू अब्दुल्ला
(स) अली गुरशास्प (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

120. दिल्ली सल्तनत का वह प्रथम सुल्तान कौन था ?
(अ) इल्तुतमिश (ब) बलबन
(स) अलाउद्दीन खिलजी (द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (स) NDA 1998

121. दिल्ली पर शासन करने वाले निम्न वंशों का सही क्रम क्या है ?
1. गुलाम वंश
2. खिलजी वंश
3. लोदी वंश
4. सैयद वंश
5. तुगलक वश
(अ) 1, 2, 3, 4, 5 (ब) 1, 2, 5, 4, 3
(स) 2, 3, 5, 4, 1 (द) 5, 4, 3, 2, 1
उत्तर : (ब) NDA 1996

122. तुर्कों द्वारा राजपूतों को पराजित करने के निम्न में से कौन–से कारण थे ?
1. उनके समाज का पृथकतावादी एवं अनुदार होना।
2. असमानता पर आधारित एवं अनुदार होना
3. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की अवनति
4. भारतीयों की शांति एवं अहिंसा की नीति
(अ) 1 और 2 (ब) 1, 3 और 4
(स) 1, 2 और 3 (द) 2 और 3
उत्तर : (स) NDA 1994

123. 'तबकात–ए–नासिरी' का लेखक कौन था ?
(अ) शेख जमालुद्दीन
(ब) अलबरूनी
(स) मिनहाज–उस–सिराज
(द) जियाउद्दीन बरनी
उत्तर : (स) BPSC 1998

124. अलाई दरवाजा निम्न में से किसका मुख्य द्वार है ?
(अ) जमातखाना मस्जिद (ब) सीरी
(स) कुतुबमीनार (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) NDA 1998

125. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. हिन्दुओं द्वारा दिया जाने वाला भूमि कर
B. युद्ध की लूट का 1/5 भाग
C. मुस्लिमों द्वारा दिया जाने वाला भूमि कर
D. मुस्लिमों पर लगने वाला आर्थिक कर
सूची–II
1. खुम्स
2. खराज
3. उश्र
4. जकात
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (ब)

126. अमीर खुसरो के संबंध में निम्न में से कौन–से कथन सत्य है ?
1. वे सूफी संत शेख निजामुद्दीन औलिया के शिष्य थे।
2. वे जलालुद्दीन फिरोज खिलजी के दरबारी कवि थे
3. उन्होंने भारतीय वाद्य यंत्र वीणा एवं ईरानी वाद्य यंत्र
4. उन्होंने ख्याल गायकी का आविष्कार किया
(अ) 1, 2, 3, 4 (ब) 1 एवं 4
(स) 1, 2 एवं 4 (द) 2, 3 एवं 4
उत्तर : (अ) AAO 2001

127. दिल्ली सल्तनत के पतन के लिए निम्न में से कौन–से कारण उत्तरदायी थे ?
1. दुर्बल प्रशासन
2. तैमूर का आक्रमण
3. अधिग्रहण की स्पष्ट नीति का अभाव
4. मिश्रित संस्कृति का उदय
(अ) 1, 2 एवं 3 (ब) 2, 3 एवं 4
(स) 1 एवं 3 (द) केवल 2
उत्तर : (अ) AAO 2001

128. सल्तनत काल में भू–राजस्व का सर्वोत्तम ग्रामीण अधिकारी था–
(अ) चौधरी (ब) रावत
(स) मलिक (द) पटवारी
उत्तर : (अ) BPSC 2004

129. नालंदा विश्वविद्यालय के विनाश का कारण है–
(अ) मुसलमान (ब) कुषाण
(स) सीथियन्स (द) मुगल
उत्तर : (अ) BPSC 1999

130. 'तुगलकनामा' के रचनाकार का नाम है–
(अ) बरनी (ब) गुलबन बेगम
(स) अमीर खुसरो (द) इसामी
उत्तर : (स) BPSC 1995

131. सल्तनत काल के सिक्के 'टका', 'शशगनी' एवं 'जीतल' किन धातुओं के बने थे–
(अ) चाँदी, चाँदी, ताँबा (ब) सोना, चाँदी, ताँबा
(स) चाँदी, जस्ता, ताँबा (द) सोना, जस्ता, ताँबा
उत्तर : (अ) BPSC 1994

132. अमीर खुसरो ने किसके विकास में अग्रगामी की भूमिका निभाई ?
(अ) ब्रजभाषा (ब) अवधी
(स) खड़ी बोली (द) भोजपुरी
उत्तर : (स) UPPCS 2002

133. भारत में पोलो खेल का प्रचलन किया–
(अ) यूनानियों ने (ब) अंग्रेजों ने
(स) तुर्की ने (द) मुगलों ने
उत्तर : (स) UPPCS 2001

134. किसने एक तरफ संस्कृत मुद्रालेख के साथ चाँदी के सिक्के निर्गत किये ?
(अ) मुहम्मद बिन कासिम
(ब) महमूद गजनवी
(स) शेरशाह
(द) अकबर
उत्तर : (ब) UPPCS 2000

135. 'जवाबित' थे–
(अ) कृषि संबंधित कानून
(ब) राज्य कानून
(स) हिन्दुओं से संबंधित मामले
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब) UPPCS 1997

136. निम्न में से किस राजवंश के अन्तर्गत विजारत का चरमोत्कर्ष हुआ ?
(अ) इल्बरी (ब) खिलजी
(स) तुगलक (द) लोदी
उत्तर : (स) UPPCS 1997

137. तौल की सबसे छोटी इकाई कौन है ?
(अ) रत्ती (ब) माशा
(स) तोला (द) द्रोण
उत्तर : (अ) UPPCS 1996

138. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (लेखक)
A. जियाउद्दीन बरनी
B. हसन निजामी
C. मिनहास–उस–सिराज
D. याहिया–विल–अहमद–सरहिन्दी
सूची–II (पुस्तका)
1. तारीख–ए–मुबारकशाही
2. तबकात–ए–नासिरी
3. ताजुल–मसिर
4. तबकात–ए–अकबरी
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 4, D - 3
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (स) UPPCS 1997

139. किसने सल्तनत काल में प्रचलित डाक व्यवस्था का विस्तृत विवरण दिया है ?
(अ) अमीर खुसरो (ब) फरिश्ता
(स) इब्नबतूता (द) जियाउद्दीन बरनी
उत्तर : (स) Utt.PCS 2002

140. तैमूर लंग ने किस वर्ष में भारत पर आक्रमण किया ?
(अ) 1210 ई. (ब) 1396 ई.
(स) 1492 ई. (द) 1526 ई.
उत्तर : (ब) MPPSC 2005

141. दिल्ली के कौन–सा ऐतिहासिक स्मारक भारतीय तथा फारसी वास्तुकला शैली का उदाहरण है ?
(अ) कुतुबमीनार (ब) लोदी का मकबरा
(स) हुमायूँ का मकबरा (द) लाल किला
उत्तर : (स) RAS/RTS 2003

142. निम्न में से किस संगीत वाद्य को हिन्दू–मुस्लिम गान वाद्यों का सबसे श्रेष्ठ मिश्रण माना गया है ?
(अ) वीणा (ब) ढोलक
(स) सारंगी (द) सितार
उत्तर : (द) RAS/RTS 2000

143. निम्नलिखित में से कौन अपने को 'ईश्वर का अभिशाप' कहता था ?
(अ) चंगेज खाँ (ब) तैमूर
(स) नादिरशाह (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

144. निम्नलिखित युग्मों में कौन–सा सही रूप में सुमेलित है ?
(अ) दीवान–ए–बंदगान – फिरोजशाह तुगलक.
(ब) दीान–ए–मुस्तखराज – बलबन
(स) दीवान–ए–कोही – अलाउद्दीन खिलजी
(द) दीवान–ए–अर्ज – मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (अ) UPPSC 2001

145. सल्तनत काल में 'फयाजिल' का अर्थ था–
(अ) अभिजात वर्ग को दिया जाने वाला अतिरिक्त भुगतान
(ब) वेतन के बदले में निर्धारित मालगुजारी
(स) इक्तादारों द्वारा सरकारी खजाने में जमा की जाने वाली अधिशेष राशि
(द) कृषकों से की जाने वाली गैर–कानूनी जबरन वसूली
उत्तर : (स) UPPCS 1998

146. कथन (A) : प्रारंभ में, भारत में तुर्की प्रशासन सैनिक प्रधान था।
कारण (R) : अग्रणी सैनिक नायकों के बीच देश को इक्ता के रूप में खण्ड विभाजित कर दिया गया था।
(अ) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है
(ब) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(स) A सही है किन्तु R गलत है
(द) A गलत है किन्तु R सही है
उत्तर : (अ) UPPCS 1998

147. जौनपुर राज्य का अंतिम शासक कौन था ?
(अ) मुहम्मद शाह (ब) हुसैन शाह
(स) मुबारक शाह (द) इब्राहिम शाह
उत्तर : (ब) UPPCS 2017

www.rajstudents.com